सपना

रजिस्टर्ड पता – पॉकेट डी 8, फ्लैट न. 8086, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070

संगठन प्रोफाइल

स्वयं सेवी संस्था **"सपना"** का पंजीकरण 21 अक्टूबर 2004 को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के तहत दिल्ली में किया गया था | इसकी स्थापना प्रोफेशनल्स के एक समूह द्वारा की गई थी, जिन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, जेन्डर, सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में विकास के एक जन केन्द्रित मॉडल पर काम करने का सपना साझा किया था|

स्थानिक रूप से, **सपना** के समर्थन केंद्र दिल्ली, नोएडा और अलवर (राजस्थान) में हैं |

मिशन:

सेवा यानी निस्वार्थ सेवा के गांधीवादी आदर्शो से प्रेरित, "सपना" का मिशन गरीबो और हाशिए पर रहने वालो के समर्थन और सहूलियत के लिए बदलाव के एजेंट के रूप में काम करना है |

दिल्ली अध्याय:

इसकी शुरुआत 2004 में सफदरजंग अस्पताल की धर्मशाला में आने वाले मरीजों के लिए दूध वितरण के साथ हुआ था | इसकी स्वास्थ्य सहायता परियोजना के तहत देश के दूर दराज के क्षेत्रो से दिल्ली आने वाले निर्धन दीन रोगियों को सभी प्रकार की सहायता और देखभाल प्रदान की जाती है | इसके अलावा एम्स ट्रामा सेन्टर में आने वाले अज्ञात, आघात ग्रस्त और बीमार रोगियों की देखभाल करती है | हमारे सामाजिक कार्यकर्ता, पंजीकरण से लेकर, डाक्टरों से मिलाने तक की प्रक्रिया में मदद करते है | निरंतर आधार पर गुर्दे के रोगियों की दवाई और डायलिसिस उपलब्ध कराने की सहायता करती है | एक अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि सफदरजंग अस्पताल में गरीब मरीजों की सर्जरी के लिए आर्थिक मदद करना हैं |

नोएडा अध्याय:

आनन्दम् नोएडा में एपेक्स अस्पतालो में चिकित्सा उपचार तक पहुँचनें वाले जरुरत मंद रोगियों को अल्पकालिक आश्रय और देखभाल प्रदान करता है |

अलवर अध्याय:

'सपना' रुग्ण एवं निराश्रितों के लिये 2007 से विजय मंदिर में 'आनन्दम्' आश्रय स्थल चला रहा है | 'आनन्दम् डडीकर' में राजस्थान सरकार द्वारा स्वीकृत वृद्धाश्रम 2017 से संचालित है | अलवर जिले के गरीबो को महात्मा गांधी नेत्रालय में अल्प राशि में मोतिया बिन्द सर्जरी का सुविधा उपलब्ध कराती है |

एक कम्प्यूटर साक्षरता केंद्र ग्रामीण युवाओं के बीच ई-लर्निंग को बढ़ावा देता है | आधुनिक संसाधनों से लैस कम्प्यूटर लैब में नवयुवकों व नवयुवतियों को शिक्षा, योग्य प्रशिक्षको द्वारा दी जाती है| ग्रामीण बीपीओ में कम्प्यूटर ज्ञान में निपुण एवं आई सी टी प्रशिक्षित ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मुहैया कराने का भरसक प्रयत्न किया जाता है|

एक जन सेवा केंद्र ई-मित्र के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी और संसाधनों तक पहुँचने में मदद करता है| एक सामुदायिक जल केंद्र न्यूनतम लागत पर आस-पास के गाँवो में पीने योग्य पानी उपलब्ध कराता है| स्वच्छ ग्राम को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण किया जा रहा है| महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र - महिला एवं बाल सुरक्षा विभाग और राजस्थान पुलिस के साथ भागीदारी में महिलाओं के लिए परामर्श केंद्र मोती डूंगरी अलवर में संचालित है|

सन् 2015 से क्षेत्र की वंचित बालिकाओं को गुणवत्ता पूर्ण व लचीली और प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करने के लिए विजय मंदिर में 'सपना शिक्षालय' के नाम से एक स्कूल खोला गया| (वर्तमान विद्यार्थी संख्या 170) सन 2019 से विद्यालय को राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त है | प्रोजेक्ट "टर्न अराउंड" के तहत संगठन ने गाँव चांदोली में किशोर मुस्लिम बालिकाओं का सरकारी आवासीय विद्यालय को 2015 से गोद लिया हुआ है| एक सामुदायिक पुस्तकालय इन प्रयासों का समर्थन करता है|

संगठनात्मक सेट-अप

गवर्निंग बॉडी (प्रबंधन निकाय) नीतिगत निर्णयों के लिए उतरदायी हैं | एक प्रबंध समिति, स्वंयसेवको, सामाजिक कार्यकर्ताओं और सामान सोच के व्यक्तियों (कुल संख्या 90 से अधिक) की समर्पित सेना की सहायता से दिन - प्रतिदिन के प्रशासन की देखभाल करती हैं | संगठन की कार्मिक निवेश और सम्पति की खरीद फरोक्त से संबधित स्प स्पष्ट नीति हैं |

साख:

संगठन आयकर अधिनियम के 12A और 80G के तहत पंजीकृत है | यह एफ. सी. आर. ए. (FCRA) के तहत विदेशी दान प्राप्त करने को अंघिकृत है | यह राजस्थान दिव्यांग व्यक्ति नियम 2011 के तहत भी पंजीकृत है | सपना को वांछनीय मानदंडों के लिए विश्वस्नीयता गठबंधन (Credibility Alliance) द्वारा मान्यता प्राप्त है|

आनन्दम्, विजय मंदिर

महात्मा गाँधी नेत्रालय

आनन्दम्, डडीकर

संपर्क सूत्र :

पंजीकृत पता- पॉकेट डी-8, फ्लैट नंबर: 8086, वसंत कुंज नई दिल्ली- 110070

दिल्ली चैप्टर:

सोशल सर्विस काउंटर- जे.पी.एन.एपेक्स ट्रौमा सेन्टर ऑफ़ ए.आई.आई.एम.एस., रिंग रोड, नई दिल्ली | 110029
कार्यालय: 011-26731271
प्रशासक: आर.आर.पी.सिंह (8826200922)
कोऑर्डिनेटर: नितिन मनचंदा (9958270307)

नोएडा चैप्टर:

बी-80, सेक्टर- 31, नोएडा, यू.पी. 201303
कोऑर्डिनेटर: रफीक (7825959399)

अलवर चैप्टर:

विजय मंदिर पोस्ट विजय मंदिर रोड, बहरोड़ रोड, अलवर राजस्थान | 301023
कार्यालय: 0144-2767168
प्रशासक: प्रो.रणवीर सिंह (9414843138)
कोऑर्डिनेटर: चंदन (9928269641)

ईमेल - ngo.sapna@gmail.com वेबसाइट : www.sapnaindia.org

हमारा बैंक:

दिल्ली: एक्सिस बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 2a एवं 2b खान मार्केट, नई दिल्ली | 110003
बचत खाता संख्या:120010100574525
एफ.सी.आर.ए. खाता संख्या:120010100817264
आई.एफ.एस.सी कोड:UTIB0000120
स्विफ्ट कोड: AXISINBB010

अलवर: एक्सिस बैंक लिमिटेड, जय कॉन्प्लेक्स रोड नंबर 2, अलवर, राजस्थान | 301001
बचत खाता संख्या: 910010023090252
आई.एफ.एस.सी कोड: UTIB0000401
स्विफ्ट कोड: AXISINBB010

क्लास प्रेप की बच्चियाँ

स्वयं को जानने का सर्वश्रेष्ठ तरीका अपने आप को औरों की सेवा में डुबो देना है | (महात्मा गाँधी)